Series : ABCD3/1

SET – 1

प्रश्न-पत्र कोड **2/1/1**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 7 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

# हिन्दी (आधार)
# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *खंड हैं ।* ***खंड-क*** *और* ***खंड-ख*** *।*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***07*** *प्रश्न पूछे गए हैं ।* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(iv)* *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

## खंड – क

### (कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन) (20)

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से **किसी एक** शीर्षक का चयन कर लगभग 150-200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : $1 \times 5 = 5$

   - कोविड टीकाकरण केंद्र का दृश्य
   - जीवन में प्रतिस्पर्धा की भूमिका
   - स्कूल के बाहर स्टेशनरी की दुकान

2. (a) आप जिस कॉलोनी में रहते हैं उसमें स्थित पार्क बहुत ही जर्जर अवस्था में है । पेड़-पौधे और घास अव्यवस्थित है । नगर-निगम अधिकारी को पार्क की व्यवस्था और रख-रखाव के लिए पत्र लिखिए । 5

*

**अथवा**

   (b) सरकार द्वारा किए गए लिंग-अनुपात सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि देश में लड़कियों के जन्म प्रतिशत दर में गत वर्षों की तुलना में वृद्धि हुई है । लड़कियों की बढ़ती संख्या पर संतोष प्रकट करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । 5

3. (i) (a) कहानी और नाटक के समान तत्त्वों का उल्लेख करते हुए बताइए कि दोनों में क्या अंतर हैं ? 3

**अथवा**

   (b) कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय दृश्य विभाजन किन आधारों पर किया जाता है ? 3

   (ii) (a) रेडियो नाटक के लेखन तथा सिनेमा और रंगमंच के लेखन में क्या अंतर है ? रेडियो नाटक के लेखन में संप्रेषण कैसे होता है ? 2

**अथवा**

   (b) रेडियो नाटक लेखन हेतु कहानी का चयन करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 2

4. (i) (a) पत्रकारीय लेखन साहित्यिक लेखन से किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए । 3

**अथवा**

   (b) समाचार लेखन की उलटा-पिरामिड शैली की विशेषता का उल्लेख कीजिए । 3

   (ii) (a) एक सफल साक्षात्कार के लिए साक्षात्कारकर्ता में किन गुणों का होना आवश्यक है ? 2

**अथवा**

   (b) स्तंभ लेखन किसे कहते हैं ? समझाइए । 2

## खंड – ख

**(पाठ्य–पुस्तक और अनुपूरक पाठ्य–पुस्तक)** **(20)**

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(2 × 3 = 6)**

(i) 'उषा' कविता के किन उपमानों को देखकर कहा जा सकता है कि यह कविता गाँव की सुबह का गतिशील शब्द-चित्र है ? **3**

(ii) 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' प्रसंग से ली गई पंक्ति 'बोले बचन मनुज अनुसारी' का क्या तात्पर्य है ? **3**

(iii) "आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पे झुलाती है उसे गोद-भरी"
'रुबाइयाँ' से उद्धृत उपर्युक्त पंक्ति में 'गोद-भरी' प्रयोग की विशेषता को स्पष्ट कीजिए । **3**

6. निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(3 × 3 = 9)**

(i) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर बताइए कि गाँव में महामारी फैलने और अपने दोनों बेटों की मृत्यु के बाद भी लुट्टन पहलवान ढोलक क्यों बजाता रहा ? **3**

(ii) 'मानचित्र पर लकीर खींच देने भर से जमीन और जनता बँट नहीं जाती ।' – उचित तर्कों और उदाहरणों के द्वारा 'नमक' कहानी से उद्धृत इस कथन की पुष्टि कीजिए । **3**

(iii) डॉ. भीमराव आंबेडकर के मतानुसार 'दासता' की व्यापक परिभाषा क्या है ? समझाइए । **3**

(iv) श्रम और श्रमिक विभाजन का बुनियादी अंतर 'श्रम-विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । **3**

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 + 2 = 5)**

(i) (a) "टूटे-फूटे खंडहर, सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कती ज़िंदगी के अनछुए समयों का भी दस्तावेज होते हैं ।" इस कथन की समीक्षा 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' एक ऐतिहासिक दौर का जीवंत दस्तावेज है । इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए । **3**

(ii) (a) पुरातत्त्व के किन चिह्नों के आधार पर आप यह कह सकते हैं कि – "सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी ।" **2**

**अथवा**

(b) 'डायरी के पन्ने' पाठ में औरतों को वीर सिपाहियों से अधिक मजबूत और बहादुर क्यों कहा गया है ? **2**

*